
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-04-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK1 User: cci Time: 04-02-2026 22:42 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026 > चैत्र 13, शक संवत 1948, वैशाख कृष्ण प्रतिपदा/द्वितीया, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 78 > पेज 20* > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*वार्षिक खरीद पर ही लागू



ईरान को 'पाषाण युग' में पहुंचाने की ट्रंप ने दी धमकी

▶ देखें अंदर

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

जंग से प्रभावित सेक्टरों के लिए जल्द आ सकता है राहत पैकेज

▶ देखें अंदर






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-04-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: devid.sharma@timesofindia.com Time: 04-02-2026 22:36 Color:






# CNG भरते समय ब्लास्ट, 4 घायल

■ NBT न्यूज, नजफगढ़

**नजफगढ़ के** मित्राऊ रोड पर स्थित CNG पंप पर गुरुवार को ट्रक में गैस भरते समय लीक होने से ब्लास्ट हो गया। हादसे में 4 लोग घायल हो गए जिन्हें जाफरपुर कलां स्थित राव तुलाराम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। घायलों में एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायलों में तीन की पहचान दीपक (34), विकास कुमार (26) और नीरज (40) के रूप में हुई है। डीसीपी द्वारका कुशल पाल सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल से मामले की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम तुरंत हॉस्पिटल पहुंची जहां IGL के अधिकारी और टेक्नीशियन भी पहुंच गए थे।

> **एक की हालत गंभीर, नहीं हो पाई है पहचान**

इस मामले में छानबीन के बाद आगे की कार्रवाई स्थानीय पुलिस कर रही है। मौके पर जांच में पुलिस को पता चला कि ट्रक में नब्र पंप का अटेंडेंट गैस भर रहा था, उसी दौरान अचानक ब्लास्ट हो गया। घायलों में तीन पंप के कर्मचारी हैं जबकि चौथे की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घायलों को अस्पताल देखने पहुंचे स्थानीय पार्षद अमित खरखड़ी ने बताया कि घायलों में से जो दो गंभीर हैं, उनको सफदरजंग हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

# गार्ड से मारपीट कर प्रॉपर्टी पर कब्जा, मां को घर से निकाला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मौजपुर में एक बेटी ने अपनी मां के घर पर कब्जा करने के लिए अपने दो साथियों के साथ मिलकर 26 मार्च को घर के गार्ड से मारपीट की। फिर 73 साल की बुजुर्ग मां के घर पर कब्जा कर लिया। पीड़ित बुजुर्ग महिला की शिकायत पर जाफराबाद पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 73 साल की लीलावती मोहनपुरी, मौजपुर में रहती है। उनका आरोप है कि प्रॉपर्टी का केस कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट ने प्रॉपर्टी उनके नाम कर दी। बाद में उनके पति की मृत्यु हो गई। तब से वह अकेली रहती है। लेकिन, उनकी बेटी शिखा रानी प्रॉपर्टी पर कब्जा करने में लगी रहती है। उन्होंने देखभाल के लिए एक गार्ड भी रखा है।


> **बुजुर्ग महिला की शिकायत पर बेटी के खिलाफ मामला दर्ज**


# 2 करोड़ की हेरोइन संग सप्लायर अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नॉर्थ जिले की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 2 करोड़ कीमत की ड्रग्स के साथ एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 405 ग्राम हेरोइन और सप्लाई के लिए यूज हो रही कार मिली है।

> **नॉर्थ जिले की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने की कार्रवाई**

डीसीपी राजा बांठिया के मुताबिक 29-30 मार्च की रात सूचना मिली कि एक शख्स कश्मीरी गेट में ड्रग्स की सप्लाई करने आने वाला है। टीम ने आईएसबीटी कश्मीरी गेट के सामने ट्रैप लगाया। करीब 3:30 बजे एक कार में संदिग्ध शख्स दिखा। पुलिस को देखकर कार चला रहा संदिग्ध युवक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। आरोपी की पहचान 23 वर्षीय चिराग के रूप में हुई है, जो डीडीए कॉलोनी, रुवाला का रहने वाला है। तलाशी के दौरान उसके पास से 405 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।









**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in